C M Y K

रायगढ़, मंगलवार
05.09.2017
श्रावण कृष्ण 13
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

» वर्ष-1 » अंक - 24 »

3 देखें... चेन्नई की कम्पनी के विरूद्ध शिकायत.. 6 देखें मनोरंजन में ....

# कैबिनेट विस्तारः नीतीश की सफाई, मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर बात ही नहीं हुई थी

**पटना.** रविवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार में जेडीयू को शामिल नहीं करने को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने सोमवार को सफाई दी है। नीतीश ने कहा मंत्रिमंडल में शामिल होने को लेकर कोई बात ही नहीं हुई थी। बेवजह जेडीयू का नाम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा, जेडीयू से संबंधित जो भी बात होगी उसे मैं खुद ही सबको बता दूंगा।

जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह बातें सूत्रों के हवाले से मीडिया में चली। मैं भी जानना चाहता हूं कि वह सूत्र कौन है? नीतीश ने आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, वह (लालू यादव) मेरा इलाज कहने की बात कर रहे हैं। हमें किसी के बयान पर बयान नहीं देना है। हम केवल काम करना चाहते हैं।



बता दें कि रविवार को आयोजित शपथग्रहण समारोह में कुल 13 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। इस फेरबदल में बीजेपी के सहयोगी दलों जेडीयू और शिवसेना से किसी को शामिल नहीं किया गया। पहले मीडिया में ऐसी खबरें थीं कि जेडीयू से दो लोगों को मंत्री बनाया जा सकता है, लेकिन फेरबदल में जेडीयू को शामिल नहीं किया गया। गौरतलब है कि जुलाई में ही नीतीश कुमार महागठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए में आए हैं। ऐसे में वह इन बातों को लेकर लालू प्रसाद यादव के निशाने पर रहते हैं। मंत्रिमंडल विस्तार में शिवसेना के भी किसी नेता को जगह नहीं दी गई है। इसको लेकर शिवसेना की नाराजगी की खबरें आई थीं। शिवसेना ने शपथग्रहण समारोह का भी बहिष्कार किया।

## खबरें खास...

### केवल मुस्कुराने से हो जाता है रेस्तरां में बिल का भुगतान

**शंघाई।** पूर्वी चीन के हांगझोऊ के एक रेस्तरां में नए जमाने के ग्राहकों को लुभाने के लिए तकनीक का सहारा लिया गया है। इसके तहत रेस्त्रां के बिल का भुगतान एक स्क्रीन के आगे मुस्कुराकर किया जा सकता है। दरअसल, यहां स्माइल टू पे फेशियल रिकॉगनिशन सिस्टम लगा है। यह रेस्त्रां युम चेन का हिस्सा है जो दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट फूड चेन है। युवा और टेक सेवी पीढ़ी को आकर्षित करने के लिए यह सुविधा शुरू की गई है। फेस पेमेंट का सॉफ्टवेयर अलीबाबा समूह की कंपनी एंट फाइनेंशियल का है। ग्राहक ऑर्डरिंग किओस्क के आगे खड़े होकर और अपना फोन नंबर एंटर कर भुगतान कर सकते हैं। इससे सिस्टम को धोखा देने वालों से बचा जा सकेगा।

### लेफ्टिनेंट उमर फयाज की हत्या में शामिल आतंकी इश्फाक पड्डर मारा गया

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने शनिवार को ईद-उल-जुहा की सुबह कुलगाम में लश्कर-ए-ताईबा के स्थानीय आतंकी इश्फाक पड्डर को एक मुठभेड़ में मार गिराया। लेकिन उसका एक अन्य साथी भागने में कामयाब रहा। इश्फाक पड्डर लेफ्टिनेंट उमर फय्याज की हत्या में शामिल था। 22 वर्षीय उमर फय्याज को दक्षिण कश्मीर के शोपियांन के हर्मन क्षेत्र में 10 मई को आतंकवादियों द्वारा बैतपुरा गांव से अपहरण कर लिया गया था, जहां वह अपने चचेरे भाई के विवाह में शामिल हो रहे थे। इस बीच,आतंकी की मौत के बाद पूरे इलाके में पैदा हुए तनाव को देखते हुए प्रशान ने कुलगाम व उसके साथ सटे इलाकों में इंटरनेट व मोबाईल सेवाओं को बंद कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत प्रतिनिधियों और सुरक्षाबलों पर हमले की विभिन्न वारदातों में लिप्त इश्फाक पड्डर आज तडके तांत्रेपोरा कुलगाम में आया। इसके बाद 62 राष्ट्रीय रायफल्स और एसओजी की एक संयुक्त टीम ने खतरनाक लश्कर आतंकियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया। जवानों को देखते ही पड्डर वहां से गोलियां चलाते हुए भागने का प्रयास किया। लेकिन जवानों ने जवाबी कार्रवाई कर उसे मार गिराया। कहा जा रहा है कि उसके साथ एक और आतंकी था जो किसी तरह घेराबंदी तोड़ भाग निकला। इश्फाक के मारे जाने की खबर के साथ ही पूरे इलाके में तनाव पैदा हो गया और लोगों ने सुरक्षाबलों पर पथराव शुरु कर दिया। स्थिति को बेकाबू होते देख सुरक्षाबलों ने भी भीड़ पर काबू पाने के लिए बल प्रयोग किया जिसके बाद हुए हिंसक झड़पों में पांच लोगों के जख्मी होने की सूचना है।

### मुठभेड़ के बाद एसटीएफ को मिली कामयाबी

**पटना।** बेगूसराय जिले में एसटीएफ की टीम के साथ अपराधियों की मुठभेड़ के बाद एसटीएफ को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एनकाउंटर के बाद सात अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी अपराधी तितली गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बलिया थाना क्षेत्र के हुसैनाचक दियारा में अपराधी जमा हुए हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार इलाके में छापेमारी की। पता चलते ही छापेमारी करने गई पुलिस पर अपराधियों ने भी फायरिंग की उसके बाद चली मुठभेड़ के बाद सात अपराधी धर दबोचे गए।

# विस का विशेष सत्र हो 6 दिन का : भूपेश बघेल

▶ सरकार ज्वलंत मुद्दों पर जवाब देने से लगातार बच रही- सत्यनारायण शर्मा

▶ सत्र की अवधि बढ़ाने नेताप्रतिपक्ष ने लिखा पत्र




**रायपुर।** राज्य सरकार की ओर से एक दिन के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। कांग्रेस की मांग है कि विधानसभा अध्यक्ष प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को ध्यान में रखते हुए सत्र की अवधि बढ़ाए, ताकि पिछले सत्र के कुछ महत्वपूर्ण विषय तथा हाल में घटित गंभीर मुद्दों को सदन के पटल पर रखा जा सके।

कांग्रेस भवन में आयोजित एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ भूपेश बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा ने राज्य सरकार पर सीधे-सीधे आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को तो धान का बोनस देना ही नहीं चाहती थी। यही वजह थी कि राज्य सरकार ने बोनस के लिए पृथक से बजट का प्रावधान ही नहीं किया। अब जब राज्य सरकार गौहत्या, गौशालाओं से मवेशियों की तस्करी, मांस की तस्करी, बेरला कांड, सामूहिक दुष्कर्मकांड, मंत्रियों के बेहिसाब संपत्ति, सरकारी जमीन पर रिसोर्ट, आय से अधिक संपत्ति और स्वेच्छानुदान में बंटरबाट जैसे कई मुद्दों पर बुरी तरह से घिर चुकी है तो जनता और प्रदेश के लाखों कृषकों का ध्यान भटकाने के लिए बोनस देने की घोषणा की है, इसमें भी पेंच है। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बोनस की घोषणा भी किसी शासकीय बैठक में अथवा कार्यक्रम में नहीं होता। बल्कि मुख्यमंत्री इसकी घोषणा पार्टी के कार्यालय में आयोजित पार्टीगत बैठक में करते हैं। शाम को जब इस आशय का शासकीय आदेश निकलता है तो उसमें केवल पंजीकृत कृषकों को और उत्पादन के आधार पर बोनस देने की बात कही जाती है। इससे भी स्पष्ट है कि राज्य सरकार पर अफसरशाही हावी है। श्री बघेल ने आगे कहा कि सरकार का आरोप है कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है। यदि ऐसा है तो विधानसभा का विशेष सत्र जो केवल एक दिन के लिए बुलाया जा रहा है उसे कम से कम 6 दिन के लिए बुलाया जाए। राज्य सरकार जानबूझकर जवाब देने से बच रही है।

यही वजह है कि पिछले विधानसभा सत्र जो कि 11 दिनों के लिए थी, उसे ढाई दिन में ही समाप्त कर सरकार जवाब देने से बचना चाहती है। श्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ही प्रदेश की जनता के सामने स्पष्ट करे कि ऐसी क्या वजह थी कि विधानसभा सत्र को ढाई दिन में समाप्त कर दिया गया?

श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान में राज्य के अनेक इलाकों में सूखे के हालात हैं, सरकार बोनस देने की बात कहती है। जिसमें पिछले इस वर्ष का और आने वाले वर्ष का बोनस शामिल है। जब राज्य के अनेक तहसीलें सूखे की चपेट में हैं और उत्पादन ही घट जाएगा तो सरकार बोनस आखिर किसे देना चाहती है। सरकार की मंशा केवल और केवल कृषकों का ध्यान भटकाने का प्रतीत होता है। राज्य सरकार नहीं चाहती कि कांग्रेस अन्य ज्वलंत और गंभीर मुद्दों को उठा सके, यही वजह है कि सरकार चर्चा से लगातार बच रही है। यदि सरकार को वास्तव में प्रदेश के कृषकों की चिंता है तो विधानसभा का विशेष सत्र एक दिन के बजाए कम से कम 6 दिन का होना चाहिए।

### प्रेमी के साथ मिलकर कर दी पति की हत्या : गिरफ्तार

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंडी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम चंडी निवासी मुकेश तारक पिता स्व. नीलकंठ तारक 30 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का मुआयना किया तो मृतक के गले में निशान मिले, इससे पुलिस को हत्या की आशंका हुई। चूंकि मृतक कल रात को भोजन करने के बाद अपने घर से बाहर नहीं निकला था, लिहाजा पुलिस ने मृतक की पत्नी आरोपिया कुंती से पूछताछ की। कड़ाई से हुई पूछताछ में कुंती तारक ने बताया कि मृतक आरा मिल में मजदूरी करता था और शराब पीने का आदी था।

## भारत-चीन के विवाद में पड़ना नहीं चाहता था अमेरिका : विशेषज्ञ

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी विशेषज्ञ का मानना है कि भारत और चीन के बीच डोकलाम तनातनी पर ट्रम्प प्रशासन की स्थिति असहज हो गई थी। वह भारत और चीन के विवाद में पड़ना नहीं चाहता था। खासकर ऐसे समय में जब उसे उत्तर कोरिया से निपटने के लिये चीन की मदद की आवश्यकता है। द हेरिटेज फाउंडेशन में दक्षिण एशिया पर रीसर्च फेलो और साउथ एशिया नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (व्हाइट हाउस) के नवनियुक्त निदेशक जेफ स्मिथ ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि डोकलाम संकट की वजह से ट्रम्प प्रशासन की स्थिति बेहद असहज हो गई थी। यह वो विवाद था जिसमें वह बिलकुल नहीं पड़ना चाहते थे। हालांकि स्मिथ ने यह स्वीकार किया कि उन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं है कि वास्तव में ट्रम्प प्रशासन ने इस मामले पर आपस में आतंरिक स्तर पर क्या चर्चा की। स्मिथ ने कहा कि इस विवाद के दौरान अगर आप अमेरिकी प्रशासन के बयानों की पीछे के अर्थ को समझें, आपको लगेगा कि वास्तव में जापान भारत की इस स्थिति का ज्यादा समर्थन करता है। अगर चीन भारत से बातचीत के लिये डोकलाम से हटने की पूर्व शर्त लगा रहा था तो ट्रम्प प्रशासन दोनों पक्षों को संकेत दे रहा था कि वह भारत का पक्षधर है। लेकिन आखिर में हुआ क्या। चीन का रुख लचीला था कि वह किसी समझौते तक पहुंच सके। आखिर में आपसी सहमति से दोतरफा समझौता करते हुए दोनों देशों ने न्यूनतम जरूरतों को पूरा किया। उन्होंने कहा हालांकि भारत ने कई मायनों में चीन और समूचे विश्व को यह दिखा दिया कि उसके उज्च मानक हैं। वह भले ही नरमी से बात करे लेकिन उसकी ताकत में कहीं कोई कमी नहीं है।

## तमिलनाडु में अनीता की आत्महत्या को लेकर एनईईटी के खिलाफ प्रदर्शन

**चेन्नई।** तमिलनाडु सीएम के पलानीस्वामी ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में दाखिला ना मिलने के कारण आत्महत्या करने वाली अनिता के परिजनों को 7 लाख रुपए मुआवजे देने की घोषणा की है। अनिता को नीट की परीक्षा में आए नंबरों के आधार पर मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं मिल पाया था। वहीं तमिलनाडु की सड़कों अनिता की आत्महत्या के विरोध में जमकर प्रदर्शन हो रहा है।

एसएइआई के सदस्यों ने अनीता की आत्महत्या को लेकर नीट के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसी बीच एआईएडीएमके नेती टीटीवी दिनाकरन ने अनिता की मौत पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, मैं हैरान हूं कि हम सबकी प्यारी बेटी ने नीट के खिलाफ संघर्ष करते हुए आत्महत्या कर ली। इसके बाद दक्षिण के सुपरस्टार रजनीकांत और कमल हसन ने भी अनिता की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया। रजनीकांत ने फेसबुक पर पोस्ट किया, अनिता के साथ जो भी हुआ वो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कदम को उठाने के पहले उस पर क्या बीत रही होगी मैं उस दर्द को समझ पा रहा हूं। मेरी संवेदनाएं उसके परिवार के साथ है। जबकि कमल हसन ने लिखा, वे अनिता को अपनी बेटी समान मानते हैं और वे उसके लिए अपनी आवाज उठायेंगे।

# डेरा में बनाया जा रहा था जल महल

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह के फिल्मों के अलावा दूसरे प्रोजेक्ट भी चल रहे थे। इनमें से एक बड़ा प्रोजेक्ट जल महल का रहा, जिस पर छह माह से अधिक समय से काम चल रहा था। इसका 50 फीसद से अधिक काम पूरा हो चुका था। गुरमीत का यह ड्रीम प्रोजेक्ट बिजनेस से जुड़ा हुआ था। रिसोर्ट व एसएमजी होटल के अच्छे कारोबार का रूप लेने के लिए उनकी दृष्टि में अगला ड्रीम प्रोजेक्ट जल महल का आया। इसके लिए कई एकड़ में खोदाई करवाई गई। पर्यटन की दृष्टि से इस जल महल को कशिश रेस्टोरेंट से जोड़ा जाना था। इसके लिए बाकायदा नहर खोदी गई। नहर में एक जहाजनुमा बिल्डिंग तैयार की गई जिसमें छह कमरे बनाए गए हैं।

इन कमरों की विशेषता यह है कि यह सब पानी में है। यहां कई बोट लगाए जाने का भी फैसला हो चुका था। नहर में कशिश रेस्टोरेंट से जलमहल तक करीबन एक किलोमीटर तक बोट में घूमा जा सकता है। बोट कशिश रेस्टोरेंट में भी चलती है लेकिन वह उसके चारों ओर ही घूमती है। कशिश से जोड़ने के पीछे इंजन वाली बोट चलाने का मकसद था, ताकि डेरे के पर्यटन को नया लुक दे पाए। डेरे से जुड़े लोग बताते हैं कि नहर की ज्यादातर खोदाई हो चुकी है। कमरे भी बन चुके हैं, सिर्फ उनकी फीनिशिंग का काम बाकी है। डेरे के साथ होटल व्यवसाय भी जुड़ा है। इससे मोटी आमदन डेरा को होती रही है। डेरा में बने एसएनजी रिसोर्ट में सात अलग-अलग विला बनाई गई है, जिन्हें अजूबों का रूप दिया गया है। इनमें किसी को एफिल टावर, किसी को ताजमहल तो किसी को डिज्नीलैंड जैसा आकार दिया गया है। इनके अंदर एक मीटिंग हाल, एक बेड रूम, स्टोर, स्विमिंग पूल, बाथरूम, लॉन सहित जकूजी स्पा जैसी हर सुविधा उपलब्ध है।

### ताजमहल की सबसे ज्यादा सुरक्षा

**7 अजूबे में बने** ताजमहल विला को सबसे ज्यादा सिक्योरिटी में रखा जाता था। विला के एक कोने में लग्जरी स्वीमिंगपूल बना हुआ है। दूसरी तरफहाई सिक्योरिटी ग्लास लगे हुए हैं। यहां पर किसी को आने की अनुमति नहीं होती थी। जो यहां ठहरता था उन्हीं की एंट्री होती थी और इसकी बुकिंग भी एडवांस होती थी।

## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन * हेडलबर्ग * से 4 कलर की प्रिंटिग होती है।
प्रिंटिंग जॉब हेतु तत्काल सम्पर्क करें

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K